an>

Title: Need to construct a Railway Over Bridge at level crossing near Jalamb village in Shegaon Tehsil of Buldhana district, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा (महाराष्ट्र) की तहसील शैगांव अंतर्गत जालम्ब गांव के पास मेन सड़क पर एक रेलवे फाटक है जो भुसावल-नागपुर-कोलकत्ता जाने वाली रेलवे लाइन पर स्थित है जिस पर हर दस मिनट पर एक रेलगाड़ी इस रेलवे फाटक से होकर जाती है जिसके कारण हर दस मिनट पर रेलवे फाटक बंद करना पड़ता है जो कभी दस मिनट तो कभी आधे घंटे तक बंद रहता है। इस मार्ग पर कई रोगियों को उपचार के लिए ले जाने, बुलढाणा मुख्यालय एवं कोर्ट जाने और शैगांव में कोर्ट जाने वालों का आवागमन होता है। बार-बार फाटक बंद होने से उनको कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर फाटक बंद होने से लम्बा जाम लग जाता है। उपरोक्त रेलवे फाटक पर एक उपरिपुल बना दिया जाए तो इस रेलवे फाटक से आने-जाने में लोगों को काफी सुविधा होगी।

सरकार से अनुरोध है कि संसदीय क्षेत्र बुलढाणा (महाराष्ट्र) की तहसील शैगांव अंतर्गत जालम्ब गांव के पास मेन सड़क पर स्थित रेलवे फाटक पर एक उपरिपुल बनाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।